St. JOHN'S RESIDENTIAL PUBLIC SCHOOL

Sona Gopalpur, Sampatchak, Patna – Gaya Highway, Patna – 7

Grade: IX **Pre – Mid Term Exam - I (2023 – 24)** **Date : / 05/ 23**

Subject: Hindi **Max Marks: 25** **Duration: 1 hr.**

Name: ____________________________________ **Roll: _______**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1X5=5

अपने लक्ष्य को पाने के लिए सबसे बड़ी जरूरत हैं - इच्छा शक्ति की | मन को किसी एक काम में बाँध कर रखना इच्छा-शक्ति है। इच्छा-शक्ति से ही बड़े-से बड़ा काम किया जा सकता है। पांडवों और कौरवों में सभी बहुत अच्छे तीरंदाज़ थे , लेकिन उनमें अर्जुन श्रेष्ठ थे क्योंकि जब वे तीर चलाते थे , तो उन्हें लक्ष्य के अलावा और कुछ नहीं दिखाई देता था। इच्छा-शक्ति बढ़ाने के लिए समय-सारणी के अनुसार कार्य करना चाहिए। खेलने के समय खेलना, पढ़ने के समय पढ़ना और टी.वी. देखने के लिए निश्चित समय में टी. वी के कार्यक्रम देखना । इस प्रकार निर्धारित समय पर निश्चित काम करने से इच्छा-शक्ति बढ़ेगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। विद्यालय में भी समय के अनुसार काम किया जाता है ताकि हम अपने पर काबू रख सके और अपने लक्ष्य को पा सकें। हमें खेलने के समय खेलना चाहिए और मन लगाकर खेलना चाहिए। इसी प्रकार हमें पढ़ाई के समय मन लगाकर पढ़ना चाहिए|

प्रश्न- (क) लक्ष्य को पाने के लिए क्या आवश्यक है ?

(ख) अर्जुन कुशल धनुदार कैसे बना?

(ग) समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए?

(घ) हम अपने पर काबू कैसे रख सकते हैं?

(ङ) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1X4 = 4

"खोता कुछ भी नहीं यहाँ पर
केवल जिल्द बदलती पोथी
जैसे रात उत्तार चाँदनी
पहने सुबह धूप की धोती
वस्त्र बदलकर आने वालों, - 1, चाल बदलकर जाने वालों, चंद खिलौने के खोने से,
बचपन नहीं भरा करता है। "

प्रश्न- (क) 'यहाँ पर' शब्दों द्वारा किसकी ओर संकेत किया गया है ?

(ख) 'केवल जिल्द बदलती पोथी से' क्या आशय है ?

(ग) चंद खिलौने किसके प्रतीक हैं?

(घ) पद्यांश में किस भाव की अभिव्यक्ति है?

3. 'यातायात की समस्या 'पट (50-60) शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। [2]

4. वर्ण विच्छेद कीजिए- ½ x 4 = 2

परोपकार

किसान

खिलौना

मनुष्य

5. निम्नलिखित प्रश्नों का संशेष में दीजिए- 2 x 6 = 12

(क) मनुष्य की पोशाके क्या काम करती है?

(ख) लालाजी ने क्या कहा ?

(ग) बेटे को बचाने के लिए बुढ़िया माँ ने क्या-क्या किया?

(घ) विपति में मनुष्य का सहायक कौन होता है? ?

(ड) बिगड़ी बात दोबारा क्यों नहीं बन पाती?

(च) कवि ने पानी का क्या बताया है?